(3) an appeal pending at the commencement of these rules against an order made before such commencement shall be considered and orders thereon shall be made in accordance with these rules as if such orders were made and the appeals were preferred under these rules.

(4) as from the commencement of these rules any appeal or application for review against any orders made before such commencement, shall be preferred or made under these rules as if such orders were made under these rules.

[File No. E(LL)2001/HER/9]

V.N. MATHUR, Secy. Railway Board

Footnote :— The Railway Servants (Hours of Employment) Rules, 1961 were published vide G.S.R. 40 dated 6-1-1962 and amended vide G.S.R. 430 dated 26-3-77.

FORM 'A'

(See Rule 11)

REGISTER OF EXTRA HOURS OF WORK—REGISTER PRESCRIBED UNDER RULE 11 OF RAILWAY SERVANTS (HOURS OF WORK AND PERIOD OF REST) RULES, 2004

Station :

Division :

S.No.	Month And date overtime worked	Name and Father's name	Designation	Classification Intensive Continuous Essentially Intermittent	Rate of Pay	Rostered hours From	Rostered hours To	Actual hours From	Actual hours To	Extra Hours Worked
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)		(8)		(9)

Reason for working extra hours	Compulsory rest granted Date	From	To	Number of hours for which over-time payable	Reasons for granting temporary exemption under section 132(4) and 133	Signature of subordinate incharge granting exemption under rules	Amount of overtime paid and date of payment	Remarks
(10)		(11)		(12)	(13)	(14)	(15)	(16)

FORM 'B'

(See Rule 16)

ANNUAL RETURN FOR THE YEAR ENDING 31st MARCH .....

S.No.	Name of Railway	Total No of Railway servants employed	Intensive No.	Intensive Percent	Continuous Running staff No.	Continuous Running staff Percent	Continuous Other than Running staff No.	Continuous Other than Running staff Percent
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)

c/o-22084

26706553

Essentially Intermittent		Supervisory		Excluded Employed in confidential capacity		Others		
No.	Percent	No.	Percent	No.	Percent	No.	Percent	Remarks
(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)	(17)	(18)

Place :
Date :

Signature of Head/Incharge
Railway Administration
(SEAL)

To

The Regional Labour Commissioner (Central)

IndiaCode

-15-

IndiaCode

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, 28 फरवरी, 2005

सा.का.नि. 75.—केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) की धारा 136 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

भाग-I

1. संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और लागू होना :

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रेल सेवक (काम के घंटे और विश्राम की अवधि) नियम, 2005 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

(3) ये केवल उन रेल सेवकों को लागू होंगे जिन्हें अधिनियम का अध्याय 14 लागू होता है।

2. परिभाषाएं :

इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) अभिप्रेत है;

(ख) "पूर्व रात्रि" से अपराह्न 10.00 बजे से पूर्वाह्न 6.00 बजे के बीच की अवधि अभिप्रेत है।

(ग) "लॉग ऑन" से, "श्रम प्रधान" कर्मचारों के मामले में आठ घंटे से ऊपर "निरंतर कर्मचारों" के मामले में दस घंटे से ऊपर तथा "आवश्यक रूप से आंतरायिक" कर्मचारों के मामले में बारह घंटे से अपर की छुट्टी अभिप्रेत है;

(घ) "वेतन की मामूली दर" में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :-

(i) भारतीय रेल स्थापना संहिता, जिल्द-II (1990 संस्करण) के नियम 1303 (मूल नियम 9) में यथा परिभाषित वेतन तथा इसमें परिचालन कर्मचारिवृन्द के मामले में, पूर्वोक्त संहिता के नियम 1507 में यथा-परिभाषित, मूल वेतन के 30 प्रतिशत तक परिचालन भत्ते का "वेतन घटक" भी सम्मिलित है ;

(ii) मंहगाई भत्ता, अतिरिक्त मंहगाई भत्ता, मंहगाई वेतन, यदि कोई है, और

(iii) प्रतिकारात्मक (सगर) भत्ता;

(ङ) "गोपनीय हैसियत में नियोजित रेल सेवकों" में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :-

(i) पृथक गोपनीय कक्ष में अथवा प्रशासनिक कार्यालयों में अधिकारियों के साथ सबद्ध कार्यरत आशुलिपिक;

(ii) साइकर ऑपरेटर;

(iii) गोपनीय सहायक तथा निजी सहायक; और

(iv) अन्य कोई रेल सेवक, जिसे रेल प्रशासन के प्रधान द्वारा इस प्रकार गोपनीय हैसियत में नियोजित विनिर्दिष्ट किया गया हो;

(च) "क्षेत्रीय श्रम आयुक्त" से राजपत्र में अधिसूचना द्वारा केन्द्रीय सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा नियुक्त अधिकारी अभिप्रेत है;

(छ) "सड़क किनारे के स्टेशन" से निम्नलिखित से भिन्न अन्य स्टेशन अभिप्रेत हैं :-

(i) महत्वपूर्ण जंक्शन स्टेशन,

(ii) मार्शलिंग यार्ड वाले स्टेशन,

(iii) मुख्य टर्मिनल स्टेशन,

(iv) वह स्टेशन जहां से नियमित रूप से गाड़ियां चलाई जाती हैं, तथा

(v) वह स्टेशन जहां पर पृथक माल क्लर्क के रूप में या उस माल कार्यालय के कार्यभार के आधार पर स्वीकृत उपभार रैंक में, पर्यवेक्षण माल क्लर्क के अधीन एक पृथक् माल कार्यालय की व्यवस्था की गई हो :-

परंतु रेल प्रशासन के प्रधान या वह प्राधिकारी जिसे वह शक्ति प्रत्यायोजित करें, उपर्युक्त परिभाषा को ध्यान में रखते हुए, सड़क के किनारे के स्टेशनों की सूची तैयार कर सकेगा ;

(ज) "रोस्टर" से वह दस्तावेज अभिप्रेत है जो, अन्य बातों के अलावा प्रतिदिन, रेल सेवक के ड्यूटी पर उपस्थित रहने के संभावित घंटे, प्रतिदिन तथा साप्ताहिक विश्राम और दिन में ड्यूटी की अवधियों के बीच विश्राम को दर्शाता है ;

(झ) "परिचालन कर्मचारिवृन्द" से ऐसा कर्मचारिवृन्द अभिप्रेत है जो भारतीय रेल स्थापना संहिता जिल्द-II (1990 संस्करण) नियम 1507 में इस प्रकार परिभाषित है;

(ञ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(ट) "शार्ट ऑफ" से विश्राम की वह अवधि अभिप्रेत है जो—

(i) "ट्रेन प्रधान" कर्मचारी के मामले में—

(क) छह घंटे के ड्यूटी रोस्टर में बारह घंटों से कम, तथा

(ख) छह तथा आठ घंटे के विधिवत ड्यूटी रोस्टर में सोलह घंटों से कम है;

(ii) "निरंतर" कर्मचारी के मामले में 10 घंटे से कम है,

(iii) "आवश्यक रूप से आन्तरायिक" कर्मचारी के मामले में 8 घंटे से कम है।

(ठ) "विभाजित ड्यूटी" (स्प्लिट ड्यूटी) से, कार्य की आवश्यकता के अनुसार आधे या अधिक घंटे के प्रत्येक मध्यवर्ती विश्राम सहित दो या अधिक अवधियों में ड्यूटी अभिप्रेत है और जब कर्मचारी अपने ड्यूटी के स्थान को छोड़ने के लिए स्वतंत्र हो "विभाजित ड्यूटी" के प्रयोजनार्थ विश्राम और भोजन के लिए अंतराल व्यवधान नहीं होगा।

(ड) धारा 130 की उपधारा (ख) में यथा प्रयुक्त "अधिक ध्यान" में मानसिक प्रयास विवक्षित है।

स्पष्टीकरण.—फाटों को स्थिर करने के पश्चात् गाड़ी के आने की प्रतीक्षा कर रहे ट्रांइट्समैन से अधिक ध्यान देना अपेक्षित है। इसी प्रकार एक स्टेशन मास्टर अथवा सहायक स्टेशन मास्टर को, पिछले स्टेशन के लिए उसके साइन क्लीयर देने के समय से लेकर गाड़ी के आने के समय तक तथा फिर गाड़ी क्लीयर करने जाने के समय से लेकर अगले ब्लॉक खंड के क्लीयर होने तक, "अधिक ध्यान" देना अपेक्षित है जहां ऐसी परिस्थितियां, विभिन्न व्यवस्थाओं को व्यापीकृत ठहराती हैं, वहां अधिक ध्यान की अवधि का विनिश्चय नियोजन प्राधिकारी करेगा जिसका इस विषय में, विभागाध्यक्ष का विनिश्चय अंतिम होगा।

(ढ) ऐसे अन्य सभी शब्दों और अभिव्यक्तियों का [illegible] परिभाषित नहीं है, वही अर्थ होगा जो उनका क्रमशः रेल स्थापना संहिता या अधिनियम में है।

भाग-II

नियमित का वर्गीकरण और काम के घंटे

3. रेल सेवक के नियोजन को वर्गीकृत करने के लिए विहित प्राधिकारी

(1) रेल सेवकों के नियोजन को धारा 130 के अधीन श्रम प्रधान अथवा आवश्यक रूप से आंतरायिक घोषित करने की शक्ति रेल प्रशासन के प्रधान में निहित होगी।

परंतु रेल प्रशासन का प्रधान, स्वविवेकानुसार इस उप-नियम के अधीन उसमें निहित शक्ति को मुख्य कार्मिक अधिकारी को प्रत्यायोजित कर सकेगा।

परंतु यह और कि बाढ़, दुर्घटना जैसी आपात-स्थिति की अवधि के दौरान, सक्षम प्राधिकारी में निहित शक्ति का प्रयोग उसी अधिकारी द्वारा किया जा सकेगा जो ग्रेडेड वेतनमान के रैंक से नीचे का न हो।

(2) उपनियम (1) के अधीन विहित प्राधिकारी द्वारा की गई प्रत्येक घोषणा की एक प्रति यथाशीघ्र संबद्ध क्षेत्रीय श्रम आयुक्त को भेजी जाएगी तथा यदि घोषणा रेल के प्रधान से भिन्न किसी अन्य अधिकारी ने की हो तो वह, यथास्थिति, रेल प्रशासन के प्रधान या मुख्य कार्मिक अधिकारी को भेजी जाएगी।

4. वर्गीकरण के विरुद्ध अपील

(1) नियम 3 के अधीन की गई वर्गीकरण की घोषणा से व्यथित कोई रेल सेवक ऐसी घोषणा की तारीख से 90 दिन के भीतर क्षेत्रीय श्रम आयुक्त के समक्ष अपील दायर कर सकेगा जो संबंधित दस्तावेजों की संवीक्षा के पश्चात् अपना यदि आवश्यक समझे, तो नए सिरे से काम का विश्लेषण करने के पश्चात् संबद्ध रेल प्रशासन के प्रधान के परामर्श से वर्गीकरण में परिवर्तन के आदेश दे सकेगा।

(2) क्षेत्रीय श्रम आयुक्त के विनिश्चय से व्यथित कोई रेल सेवक या रेल प्रशासन, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त के विनिश्चय की उसे समूचना की तारीख से 90 दिन की अवधि के भीतर श्रम मंत्रालय में भारत सरकार के सचिव के समक्ष अपील कर सकेगा जो रेल मंत्रालय के परामर्श तथा संबद्ध पक्षकारों के को सुनवाई के पश्चात् इसका निपटारा करेगा।

5. पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द—रेल मंत्रालय, लिखित आदेश द्वारा, उन रेल सेवकों अथवा रेल सेवकों के वर्गों को विनिर्दिष्ट करेगा जिन्हें धारा 130 के खंड (ग) के उपखंड (iv) के अधीन इस आधार पर पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द के रूप में माना जाएगा कि रेल सेवक एक उत्तरदायित्वपूर्ण पद धारण करता है, मुख्य रूप से पर्यवेक्षी प्रकृति के कर्तव्यों के लिए नियोजित है तथा वह अपने कार्य तथा पद की प्रकृति के कारण ऐसे घंटों के दौरान अपनी ड्यूटी के घंटों या कार्य को समायोजित करने के लिए तुलनात्मक रूप से स्वतंत्र है।

परंतु जो रेल सेवक इन नियमों के प्रकाशन की तारीख को नियमों के अधीन पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द के रूप में माने गए हैं, वे इस उप नियम के अधीन जारी रेल सेवकों या रेल सेवकों के वर्गों को पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द के रूप में विनिर्दिष्ट करने वाले आदेश के निकाले जाने तक पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द के रूप में माने जाते रहेंगे।

(2) उपनियम (1) के अधीन जारी किए गए ऐसे प्रत्येक आदेश की एक प्रति मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय), नई दिल्ली को प्रस्तुत की जाएगी।

6. अपवर्जित कर्मचारिवृन्द—स्वास्थ्य तथा चिकित्सा विभाग के कर्मचारिवृन्द के निम्नलिखित प्रवर्गों को धारा 130 के खंड (ग) के उपखंड (v) के अधीन "अपवर्जित" माना जाएगा, अर्थात् :

(क) मैट्रन,

(ख) सिस्टर्स-भारसाधक

(ग) मिडवाइफ जो रेलवे अस्पतालों में नियमित जारी ड्यूटी पर तैनात नहीं है;

(घ) स्वास्थ्य शिक्षक और जिला सिस्टर शिक्षक (पुरुष एवं महिला)

(ङ) परिवार नियोजन क्षेत्र कार्यकर्ता (पुरुष एवं महिला)

(च) महिला स्वास्थ्य परिदर्शक

(छ) सहायक नर्स एवं मिडवाइफ

(ज) प्रक्षेपक

उपर्युक्त के अतिरिक्त रेल मंत्रालय, लिखित आदेश द्वारा, भारतीय रेल के किसी विभाग में रेल कर्मचारिवृन्द के किसी अन्य प्रवर्ग को विनिर्दिष्ट कर सकेगा जिसे इस आधार पर "अपवर्जित" माना जाएगा कि ऐसे कर्मचारी मांग पर उपलब्ध हैं।

7. रेल सेवकों के वर्गीकरण को निर्धारित करने के लिए मानदंड :

(1) निरंतर : उन नियोजनों से भिन्न जिन्हें नियोजन के घंटे विनियम के कार्यक्षेत्र से अपवर्जित किया गया है, रेल सेवकों के सभी नियोजनों को निरंतर माना जाएगा, तत्पश्चात्, वास्तविक काम के विश्लेषण के आधार पर नियोजन को, यथास्थिति, "श्रम प्रधान" या "आवश्यक रूप से आंतरायिक" वर्गीकृत किया जा सकेगा।

864 GI/25

(2) **श्रम प्रधान :** अधिनियम की धारा 130 के खंड (च) के अधीन नियोजन को "श्रम प्रधान" के रूप में घोषित करने के लिए निम्नलिखित दो मुख्य बातें हैं :

(i) श्रमसाध्य प्रकृति का कार्य जिसके कारण मानसिक अथवा शारीरिक तनाव होता हो, तथा

(ii) निरंतर ऐसा कार्य जिसमें विश्राम की अवधि कम है या बिल्कुल नहीं है।

स्पष्टीकरण I.—धारा 130 के खंड (च) में "सतत्-एकाग्रता" पद से यह आशय है कि किसी विशेष प्रकृति के काम के लिए संबद्ध रेल सेवक का अनन्य रूप से उसी कार्य में ध्यान लगना चाहिए। उसके मस्तिष्क में कोई अन्य विचार या भावना नहीं आनी चाहिए तथा यह सतत् एकाग्रता इस प्रकार की होनी चाहिए। जिससे कि ऐसे कार्य-विशेष में बिना किसी मुक्तियुक्त कतिपय विरामों के निरंतर ध्यान दिए जाने के परिणामस्वरूप एक अवधि विशेष में, संबंधित रेल सेवक पर तनाव (शारीरिक अथवा मानसिक या दोनों) पड़ता हो। अतः ड्यूटी की संपूर्ण अवधि तथा कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, विहित प्राधिकारी, किसी नियोजन को "श्रम प्रधान" घोषित करने से पूर्व स्वयं का यह समाधान करेगा कि संबंधित कार्य में उपर्युक्त बातें विद्यमान हैं। दूसरे शब्दों में, विहित प्राधिकारी यह विचार करेगा कि क्या काम इस प्रकृति का है कि इसके लिए विश्राम की उचित अवधि के बिना "निरंतर एकाग्रता" की आवश्यकता है।

स्पष्टीकरण II.—जहां विश्राम, निष्क्रियता या विराम (आराम) की अवधि, 24 घंटों के एक चक्र में कुल मिलाकर 6 घंटे या उससे अधिक न हो अथवा 8 घंटे की पारी में एक घंटे या उससे अधिक की न हो, वहां खण्ड (ii) के संबंध में संतुष्टि करने के लिए विचार किया जाना चाहिए।

(3) **आवश्यक रूप से आंतरायिक :**

कर्मचारी के कार्य को तब आवश्यक रूप से आंतरिक समझा जाएगा यदि उसकी प्रतिदिन की ड्यूटी बारह घंटों की मान ली गई हो, उसके अंतर्गत निम्नलिखित है—

(क) कम से कम एक घंटे की निष्क्रियता की एक अवधि या कम से कम आधे-आधे घंटे की ऐसी दो अवधियां, और

(ख) खंड (क) में विनिर्दिष्ट निष्क्रियता की अवधि सहित निष्क्रियता की कुल मिलाकर 50 या उससे अधिक की विभिन्न अवधियां जिनके दौरान उसे शारीरिक सक्रियता, या अधिक ध्यान देने के लिए नहीं कहा जाता है।

टिप्पण—धारा 130 की उपधारा (छ) के अनुसार "आवश्यक रूप से आंतरायिक" के कार्यभार का निर्धारण करते समय, 5 मिनट से कम की निष्क्रियता की अवधियों को छोड़ दिया जाएगा।

8. कार्य के घंटों का निर्धारण .

रोस्टर के अनुसार रेल सेवक के कार्य के घंटे (जिन्हें इसमें इससे आगे कार्य के रोस्टर घंटे कहा गया है) सेवा की अत्यावश्यकता या तैनाती के कारण निरंतर हो सकते हैं या इसमें विश्राम के लिए कम अंतराल या विराम हो सकता है।

(1) रेल प्रशासन, धारा 132 में विनिर्दिष्ट सीमा के अधीन रहते हुए तथा सेवा की अपेक्षाओं और कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, इन नियमों में उपदर्शित रीति से रेल सेवकों के विभिन्न प्रवर्गों के लिए कार्य के साप्ताहिक रोस्टर घंटे नियत करेगा।

(2) रेल सेवकों के कार्य के रोस्टर घंटों में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :—

(i) ड्यूटी के मानक घंटे;

(ii) आवश्यक रूप से आंतरायिक के रूप में वर्गीकृत कतिपय प्रवर्गों के मामले में यथाविहित अतिरिक्त घंटे; तथा

(iii) प्रारंभिक अथवा पूरक कार्य या दोनों कार्यों को करने के लिए जिसके लिए ऐसे कार्य का करना अपेक्षित है, अपेक्षित समय।

(3) रेल सेवकों के नियोजन के विभिन्न वर्गों के लिए ड्यूटी के मानक घंटे नीचे दिए गए अनुसार होंगे :—

(क)	श्रम प्रधान	-	सप्ताह में 42 घंटे
(ख)	निरंतर	-	सप्ताह में 48 घंटे, तथा
(ग)	आवश्यक रूप से आंतरायिक	-	सप्ताह में 48 घंटे

(4) (क) नियोजन के आवश्यक रूप से आंतरायिक वर्ग वाले रेल सेवकों को नीचे उपदर्शित अतिरिक्त अतिरिक्त घंटों के लिए नियम 8 (2) (ii) के अनुसार कार्य पर बुलाया जाएगा :

(i)	दरबान सी, विश्रामगृह तथा जलाशयों आदि के केयर-टेकर, चौकीदार तथा सैलून परिचारक	-
(ii)	ड्यूटी स्थल से 0.5 किलोमीटर के भीतर रिहायशी क्वार्टरों को व्यवस्था वाले सड़क किनारे के स्टेशनों पर आवश्यक रूप से आंतरायिक नियोजन के कार्य के लिए तैनात रेल सेवक	प्रति सप्ताह 24 अतिरिक्त घंटे
(iii)	नियोजन के आवश्यक रूप से आंतरायिक वर्ग में कार्य के लिए तैनात शेष कर्मचारी	प्रति सप्ताह 12 अतिरिक्त घंटे

(ख) कार्य के ऐसे अतिरिक्त घंटों को संबंधित रेल सेवकों के ड्यूटी रोस्टर में दर्शित किया जाएगा।

(5) कर्मचारियों की विभिन्न कोटियों द्वारा प्रारंभिक या पूरक कार्य या दोनों कार्य करने के लिए अपेक्षित समय, जिसमें कार्य-भार सौंपना तथा कार्यभार ग्रहण करना भी सम्मिलित है, किसी प्रतिष्ठान, शाखा या पारी के सामान्य कार्य संचालन के लिए अधिकथित समय-सीमा के बाद किए जाने चाहिए तथा संबंधित प्रवर्गों में प्रतिनिधि पदों के संबंध में ऐसे कार्य के विश्लेषण द्वारा ऐसे समय का अवधारण किया जाएगा।

(6) उपनियम (5) के अधीन निर्धारित किए गए समय को, नीचे विहित अधिकतम सीमा के अध्यधीन सभी विभिन्न अवधारणों में कर्मचारिवृन्द की ड्यूटी के मानक घंटों में सम्मिलित किया जाएगा।

(क)	जब नियोजन श्रम प्रधान हो	-	सप्ताह में 3 घंटे;
(ख)	जब नियोजन निरंतर हो	-	सप्ताह में 6 घंटे;
(ग)	जब नियोजन आवश्यक रूप से आंतरायिक हो		
(i)	दरबान "सी" विश्राम गृह तथा जलाशयों के चौकीदारों, सैलून परिचारक तथा वे जो सड़क किनारे के स्टेशनों पर तैनात हैं तथा उनके ड्यूटी स्थल से 500 मीटर के भीतर रिहायशी क्वार्टरों की व्यवस्था हो	-	सप्ताह में 3 घंटे
(ii)	उपखंड (i) में उल्लिखित रेल सेवकों से भिन्न	-	सप्ताह में 4½ घंटे

(7) परिचालन कर्मचारिवृन्द द्वारा प्रारम्भिक या पूरक कार्य करने के लिए अपेक्षित समय सप्ताह में 4 घंटे का समझा जाएगा।

टिप्पणी— (i) जहां प्रारम्भिक या पूरक कार्य करने के लिए प्रतिदिन 15 मिनट से कम का समय अवधारित किया गया है वहां इसे ड्यूटी नहीं माना जाएगा तथा इसे रोस्टर में दर्शित नहीं किया जाएगा।

(ii) "निरंतर" प्रकृति के नियोजन के मामलों में, प्रारंभिक या पूरक कार्य करने के लिए अवधारित समय प्रतिदिन 15 मिनट से 45 मिनट तक के बीच है तो इसे आधे घंटे का कार्य माना जाएगा तथा प्रतिदिन 45 मिनट और 1 घंटे के बीच का समय 1 घंटे का कार्य माना जाएगा।

(iii) नियोजन के श्रम प्रधान तथा आवश्यक रूप से आंतरायिक प्रवर्गों के मामले में 15 मिनट और 30 मिनट के बीच अवधारित ऐसा समय, प्रतिदिन आधे घंटे का कार्य माना जाएगा।

(iv) टिप्पण (3) में उल्लिखित कार्य के अवधारित समय संबद्ध रेल सेवक के ड्यूटी रोस्टर में दर्शित किया जाएगा।

(v) प्रारंभिक या पूरक कार्य अथवा दोनों कार्यों के लिए कुल घंटे इस प्रकार नियत किए जाएंगे कि सम्पूर्ण ड्यूटी घंटे, धारा 132 में अपने-अपने वर्गीकरण के लिए विहित सीमाओं से अधिक न हों।

(8) जहां रेल सेवकों से विभाजित ड्यूटी (स्प्लिट ड्यूटी) का अनुपालन करने की अपेक्षा हो, वहां ऐसी ड्यूटी निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी, अर्थात् :-

(क) ड्यूटी की अवधियां तीन से अधिक नहीं होंगी तथा विराम की संख्या दो तक सीमित होगी;

(ख) "निरंतर" प्रकृति के नियोजन के मामले में, उस रेल सेवक के लिए, जिसका निवास स्थान ड्यूटी स्थल से 1.6 कि.मी. से अधिक दूरी पर है, विभाजित ड्यूटी के सात घंटे सामान्य ड्यूटी के आठ घंटों के बराबर माने जाएंगे।

(9) रोस्टर तैयार करते समय तदनुसार "लीव ऑन" या "शॉर्ट ऑफ" से बचा जाएगा।

(10) जब रेल सेवक को, धारा 132 की उपधारा (4) या धारा 133 की उपधारा (3) के उपबंधों तथा इनमें उल्लिखित परिस्थितियों के अनुसार, अधोलिखित नियम (9) के अधीन दी गई अस्थायी छूट के आदेश द्वारा सक्षम प्राधिकारी द्वारा पूर्वोल्लिखित उपनियमों के अनुसार निर्धारित कार्य के घंटों या धारा 132 की उपधारा (1), (2) तथा (3) में विहित घंटों से ऊपर ड्यूटी करने के लिए बुलाया जाता है, तो संबंधित रेल सेवक का, ऐसे ड्यूटी के अतिरिक्त घंटों के कार्य को करने का कर्तव्य होगा।

9. अस्थायी छूट देने की शक्ति

(1) धारा 132 की उपधारा (4) तथा धारा 133 की उपधारा (3) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, रेल प्रशासन का प्रधान लिखित आदेश द्वारा किसी रेल सेवकों के वर्ग की धारा 132 की उपधारा (1), (2) और (3) तथा धारा 133 की उपधारा (1) और (2) के उपबंधों से अस्थायी छूट दे सकता है।

(2) रेल प्रशासन का प्रधान उपनियम (1) के अधीन अपनी शक्तियों को, अपने अधीनस्थ किसी अधिकारी को, जिसे वह शक्तियों का प्रयोग करने के लिए ठीक समझता है, प्रत्यायोजित कर सकेगा।

(3) उपनियम (2) के अधीन किए गए प्रत्येक प्रत्यायोजन के आदेश की एक प्रति संबंध क्षेत्रीय श्रम आयुक्त को भेजी जाएगी।

10. अतिकाल भत्ते का औसत निकालने तथा उसके संदाय के सिद्धांत

(1) जहां रेल सेवक से, नियम 8 के अनुसार नियत रोस्टर घंटों के पश्चात् या धारा 132 के अधीन रेल सेवक के विभिन्न वर्गों के लिए विनिर्दिष्ट समय सीमा के पश्चात्, अतिरिक्त घंटों की ड्यूटी करना अपेक्षित हो वहां उसे उपनियम (2) में वर्णित विनिर्दिष्ट औसत निकालने के सिद्धांतों के अधीन कार्य के ऐसे अतिरिक्त घंटों के लिए अतिकाल भत्ते का संदाय किया जाएगा।

(2) धारा 132 में यथा विनिर्दिष्ट औसत अवधियों के ऊपर कार्य के घंटों के औसत द्वारा औसत निकाला जाएगा जिसे रेल कार्य प्रणाली में रेल सेवकों के कतिपय वर्गों के लिए यथा तथा आवश्यक छूट देने के लिए युक्तिसंगत सचीले अभ्युपाय के रूप में अपनाया गया है तथा यह-

(i) परिचालन कर्मचारिवृन्द,

(ii) प्रचालन कर्मचारिवृन्द,

(iii) चारी कर्मकारों, तथा

(iv) उन अन्य रेलवे सेवकों को, जो खंड (i), खंड (ii) तथा खंड (iii) में उल्लिखित रेल सेवकों के प्रवर्गों के किसी भी कार्य से जुड़े कार्य करते हैं, लागू होता है।

(3) धारा 132 की उपधारा (4) में अंतर्विष्ट उपबंधों के अधीन रहते हुए कार्य के अधिक घंटों के लिए अतिकाल भत्ते का संदाय नीचे दिए गए अनुसार किया जाएगा।

(i) रेलवे सेवक द्वारा कार्यों के रोस्टर घंटों की विहित समय-सीमा तथा धारा 132 में विहित घंटों के बीच किए गए अधिक कार्य घंटों के लिए, सुसंगत औसत अवधि के दौरान वेतन की सामान्य दर के 1½ गुणा का संदाय किया जाएगा, तथा

(ii) धारा 132 में विहित समय-सीमा के पश्चात् किए गए कार्य के अधिक घंटों के लिए, वेतन की सामान्य दर के दो गुणा के बराबर संदाय किया जाएगा।

(4) अतिकाल की प्रति घंटा दर, सुसंगत औसत अवधि पर रोस्टर घंटों के आधार पर नीचे दिए गए अनुसार निकाली जाएगी:—

(i)	वेतन की प्रति घंटा दर (औसत निकालने के सिद्धांत द्वारा शासित कर्मचारिवृन्द के लिए)	औसत की अवधि में कार्य के रोस्टर घंटों की संख्या	मासिक वेतन की सामान्य दर का 1/30
(ii)	वेतन की प्रति घंटा दर (औसत निकालने के सिद्धांत द्वारा शासित नहीं होने वालों के लिए)	1X कार्य के प्रतिदिन के रोस्टर घंटों की संख्या	मासिक वेतन की सामान्य दर का 1/30

11. कार्य के अतिरिक्त घंटों का रजिस्टर :

रेल प्रशासन के प्रधान की ओर से प्राधिकृत अधिकारी ड्यूटी के विहित रोस्टर घंटे से ऊपर रेल सेवक द्वारा किए गए कार्य के सभी अतिरिक्त घंटों को, इन नियमों से संलग्न फार्म 'क' में रखे गए रजिस्टर में अभिलिखित किया जाएगा।

12. कालिक विश्राम :

(1) जिन रेल सेवकों का नियोजन ''श्रम प्रधान'' या ''निरंतर'' है उन्हें रविवार को प्रारंभ होने वाले प्रत्येक सप्ताह में तीस क्रमवर्ती घंटों से अन्यून का विश्राम दिया जाएगा तथा जिनका नियोजन आवश्यक रूप से आंतरायिक है उन्हें एक पूरी रात्रि सहित चौबीस क्रमवर्ती घंटों से अन्यून का विश्राम दिया जाएगा।

(2) किसी भी रेल सेवक को, जो ''श्रम प्रधान'' ''निरंतर'' या आवश्यक रूप में आंतरायिक वर्गीकृत है तब तक ड्यूटी पर नहीं बुलाया जाएगा जब तक कि उसने ड्यूटी के पूर्व-दौर की समाप्ति के पश्चात् क्रमशः 12, 10, 8 क्रमवर्ती घंटों से अन्यून का विश्राम नहीं ले लिया हो, ऐसा विश्राम जहां तक संभव हो, विश्राम देने वाले के नियोजन के माध्यम से दिया जाना चाहिए तथा निरंतर और आवश्यक रूप से आंतरायिक प्रवर्गों के लिए यथा उपबंधित/विश्राम देने वाला/अलग-अलग होगा।

(3) रेल इंजन या यातायात परिचालन (रनिंग) कर्मचारिवृंद को प्रत्येक मास में कम से कम पांच ऐसी कालावधियों का विश्राम दिया जाएगा जिसमें प्रत्येक कालावधि कम से कम बाईस क्रमवर्ती घंटों की होगी या कम से कम चार कालावधियों का विश्राम दिया जाएगा जिसमें से प्रत्येक कालावधि एक पूरी रात्रि सहित कम से कम तीस क्रमवर्ती घंटों की होगी, इस प्रयोजनार्थ, कार्य के घंटों की गणना, ''आने पर हस्ताक्षर करने'' ''जाने पर हस्ताक्षर करने'' तक की जाएगी।

(4) रेल इंजन तथा यातायात परिचालन कर्मचारिवृंद सामान्यतः लगातार तीन या चार दिनों से अधिक मुख्यालय से दूर नहीं जाएंगे तथा ऐसे कर्मचारिवृंद को मुख्यालयों पर कालिक विश्राम दिया जाएगा, जहां तक संभव हो प्रत्येक दस दिनों में एक बार मुख्यालयों पर विश्राम में प्रायः सोने के लिए रात्रि को किया जाना चाहिए।

(5) रेल इंजन तथा यातायात परिचालन कर्मचारिवृंद से भिन्न चालित गाड़ियों में ड्यूटी पर कर्मचारिवृंद जैसे यात्रा वेतन लिपिक तथा रेलवे यानों से जुड़े खान-पान कर्मचारिवृंद को रेल इंजन तथा यातायात परिचालन कर्मचारिवृंद के लिए अधिकथित मापमान तथा रीति से कालिक विश्राम दिया जाएगा, कालिक विश्राम का कुछ भाग, उनके दौरों की अवधि को ध्यान में रखते हुए, उनके मुख्यालयों से दूर दिया जाएगा।

(6) समुद्री कर्मचारिवृंद, कारखाना अधिनियम से शासित अन्य कर्मचारिवृंद के काम के घंटों और कालिक विश्राम को परिचालन कर्मचारिवृंद की रीति से विनियमित किया जाएगा।

(7) धारा 133 की उप धारा (2) के खंड (ii) के अनुसार, रेल प्रशासन का प्रधान, रेल मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन से उन रेल सेवकों के प्रवर्गों को, जिन्हें उक्त धारा की उप धारा (1) में अधिकथित मापमान से कम मापमान पर विश्राम की कालावधियां दी जा सकेंगी, विनिर्दिष्ट कर सकेगा।

13. विश्राम की प्रतिकरात्मक अवधियां

किसी रेल सेवक से, जिसे नियम (9) के अधीन छूट दी गई है, विश्राम की अवधि के बिना चौदह दिनों से अधिक कार्य करना अपेक्षित नहीं होगा और उसे इस अवधि में प्रतिकरात्मक विश्राम दिया जाएगा।

भाग-III

अधिनियम के अध्याय XIV तथा इन नियमों के उपबंधों का समुचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकारी

14. पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

रेल श्रम पर्यवेक्षकों की नियुक्ति श्रम मंत्रालय द्वारा की जाएगी उनकी नियुक्ति की रीति तथा इस प्रयोजन विहित शैक्षिक अर्हताएं आदि, श्रम मंत्रालय द्वारा, समय-समय पर, अधिकथित की जाएंगी।

15. नियमों और सूचनाओं का प्रदर्शन

प्रत्येक रेल प्रशासन :—

(क) जहां रेल सेवक कार्य करते हैं, रेल सेवकों के नियोजन के वर्गीकरण को विनिर्दिष्ट करने वाली सूचनाओं, उनके नियोजन के घंटों की कालावधि, उनके विश्राम तथा रोस्टर की अवधि की, और

(ख) प्रत्येक स्टेशन या किसी प्रतिष्ठान में, अधिनियम के अध्याय XIV तथा इन विनियमों की प्रतिलिपि अंग्रेजी, हिंदी तथा स्थानीय भाषा में, किसी सहज सदृश्य स्थान पर प्रदर्शित करेगा।

16. वार्षिक विवरणी

प्रत्येक रेल प्रशासन, इन नियमों से संलग्न के अनुसार प्रारूप (ख) में प्रत्येक वर्ष जिससे यह संबंधित है, के अंत में एक विवरणी क्षेत्रीय श्रम आयुक्त को आगामी वित्तीय वर्ष, 15 मई से पूर्व भेजेगी।

भाग-IV

अवशिष्ट शक्तियां

17. विशेष मामलों में उपांतरण करने की शक्तियां

(1) इन नियमों में उपबंधित किसी अन्य बात के होते हुए भी, जहां रेल की कार्य प्रणाली को दक्ष बनाने के लिए, इन नियमों में अधिकथित विशेष प्रकृति की किन्हीं शर्तों में, जिन्हें स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप बनाने के लिए उनमें तत्काल उपांतरण करना आवश्यक है वहां ऐसे उपांतरण, जो इस अधिनियम के अध्याय-14 के किसी उपबन्ध से असंगत नहीं है, रेल मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन से प्रभावी होंगे।

(2) ऐसे उपांतरणों की एक प्रति संबंधित क्षेत्रीय श्रम आयुक्त को भेजी जाएगी।

(3) यदि किसी रेल सेवक पर उपनियम (1) के अधीन किए गए ऐसे किसी उपांतरण से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तो वह ऐसे उपांतरण के प्रभावी होने की तारीख से 90 दिनों के भीतर, रेल मंत्रालय के समक्ष अपील कर सकता है, जिसका निर्णय, इस संबंध में, अंतिम होगा।

भाग-V

निरसन तथा व्यावृत्ति

18. रेल सेवक (नियोजन-घंटे) नियम, 1961 तथा इसके अंतर्गत जारी सभी आदेश, जहां तक वे इन नियमों से असंगत हैं, निरसित किए जाते हैं, परन्तु,

(1) ऐसा निरसन, उक्त नियमों के पूर्व प्रवर्तनों या इनके अंतर्गत किए गए किन्हीं आदेशों या किए गए किसी कृत्य या किसी कार्रवाई को प्रभावित नहीं करेगा;

(2) इन नियमों में उल्लिखित किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि किसी भी उस व्यक्ति को जिसे ये नियम लागू होते हैं, अपील करने के उस अधिकार से वंचित कर दिया गया है, जो उसे इन नियमों के लागू होने से पहले, पूर्वोक्त नियमों या आदेशों के अधीन प्राप्त था।

(3) ऐसे नियमों के लागू होने से पूर्व किए गए किसी भी आदेश के विरुद्ध,

इन नियमों के प्रारंभ होने तक लंबित अपील पर विचार किया जाएगा तथा उस पर इन नियमों के अनुसार इस प्रकार के आदेश किए जाएंगे मानो कि वे आदेश और अपीलें इन नियमों के अधीन किए गए थे/की गई थीं।

(4) इन नियमों के लागू होने से पूर्व किए गए किन्हीं आदेशों के पुनर्विलोकन के लिए की गई अपील या आवेदन इन नियमों के अधीन किया जाएगा, मानो कि ऐसे आदेश इन नियमों के अधीन किए गए थे।

[सं. ई (एल एल) 2001/एच ई आर/9]

जी. एन. माथुर, सचिव/रेलवे बोर्ड

पाद टिप्पणी :—रेल सेवक (नियोजन-घंटे) नियम, 1961 तारीख 6-1-1962 के सा.का.नि. 40 द्वारा प्रकाशित किए गए थे तथा उनमें तारीख 26-3-77 के सा.का.नि. 430 से संशोधित किया गया था।

-7-

प्ररूप "क" (नियम 11 देखिए)

कार्य के अतिरिक्त घंटों का रजिस्टर-रेल सेवक (काम के घंटे तथा विश्राम की अवधि) नियम, 2004 के नियम 11 के अधीन विहित रजिस्टर

स्टेशन : मंडल :

क्र. सं.	किए गए अतिकाल का माह और तारीख	नाम तथा पिता का नाम	पदनाम	वर्गीकरण : श्रम प्रधान निरंतर/आवश्यक रूप से आंतरायिक	वेतन की दर	रोस्टर के घंटे ——से —— तक	वास्तविक घंटे ——से —— तक	कार्य के किए गए अतिरिक्त घंटे
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)

कार्य के अतिरिक्त घंटे करने का कारण	मंजूर किया गया अनिवार्य प्रतिपूरक विश्राम तारीख——— से——— ———तक	कुल घंटे जिनके लिए अतिकाल का संदाय किया जाना है	धारा 132 (4) और 133 के अधीन दी गई अस्थायी छूट के कारण	नियमों के अधीन अस्थायी छूट की स्वीकृति प्रदान करने वाले अधीनस्थ भारसाधक के हस्ताक्षर	संदत्त अतिकाल भत्ते की राशि और संदाय की तारीख	टिप्पणी
(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)

प्ररूप "ख"

(नियम 16 देखिए)

31 मार्च, ———— को समाप्त होने वाले वर्ष की वार्षिक विवरणी

क्र. सं.	रेल का नाम	नियोजित रेल सेवकों की कुल संख्या	श्रम प्रधान		निरंतर			
					परिचालन कर्मचारीवृंद		परिचालन कर्मचारीवृंद से भिन्न कर्मचारीवृंद	
			संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)

अपवर्जित

आवश्यक रूप से आंतरायिक		पर्यवेक्षी कर्मचारीवृंद		गोपनीय हैसियत में नियोजित		अन्य		टिप्पणी
संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	
(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)	(17)	(18)

रेल प्रशासन के प्रधान/भारसाधक के हस्ताक्षर

(मुहर)

स्थान :

तारीख :

सेवा में —